जन संपर्क विभाग
Department of Public Relations
महानदी कोल्फील्ड्स लिमिटेड
(भारत सरकार का उद्यम)
MAHANADI COALFIELDS LIMITED
(A Government of India Enterprise)

_प्रेस विज्ञप्ति

आभास पटल पर वास्तविकता-आधारित मानव संसाधन विकास-एमसीएल में खनन 4.0 का एक पहलू

एमसीएल 17,000 श्रमशक्ति को आभास पटल पर वास्तविकता-आधारित सुरक्षा और परिचालन प्रशिक्षण प्रदान करेगा

संबलपुर, 7 जुलाई , 2023: महानदी कोलफील्ड्स लिमिटेड (एमसीएल) ने वर्ष 2026 तक 17,000 श्रमशक्ति को सुरक्षा और परिचालन प्रशिक्षण प्रदान करने के लिए आभास पटल पर (वर्चुअल रियलिटी) आधारित कौशल विकास कार्यक्रम शुरू किया है।

कंपनी ने खनन 4.0 के तहत एक आदर्श बदलाव पहल के रूप में कोयला खनिकों के कार्य कौशल में वृद्धि लाने के लिए 6.5 करोड़ रुपये का बजट रखा है।

सुरक्षित और उत्पादक खनन कार्यों की कुंजी के रूप में कुशल श्रमशक्ति पर बल देते हुए, अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक, श्री ओम प्रकाश सिंह ने कहा कि खनन क्षेत्र में प्रगति और नई तकनीक का प्रयोग करते हुए अत्याधुनिक प्रौद्योगिकियों का लाभ उठाते हुए नियमित प्रशिक्षण और कौशल विकास करने की आवश्यकता है।

श्री सिंह ने कहा कि हमने 2026 तक सफलतापूर्वक 300 मीलियन टन कोयला उत्पादन करने की लक्ष्य हासिल करने तथा कोल इंडिया को 1 बिलियन टन लक्ष्य हासिल करने में सक्षम होने के लिए ठेकेदारों के श्रमिकों समेत खनन परिचालन गतिविधियों में शामिल श्रमशक्ति के तकनीकी कौशल को उन्नत करने की योजना बनाई है। श्रमिकों को वीआर-आधारित प्रशिक्षण को लागू किये जाने से लागत और समय की बचत होने के साथ-साथ प्रशिक्षुओं द्वारा प्राप्त कौशल पर अपनी मतामत जाहिर करेंगे तथा दूसरे श्रमिक भी इससे प्रेरित होंगे ।

व्यावसायिक प्रक्रियाओं में डिजिटलीकरण की दिशा में एक व्यापक कदम उठाते हुए श्री केशव राव, निदेशक (कार्मिक) ने कहा कि लगभग 17,000 विभागीय और ठेकेदारों के कर्मचारियों के लिए वीआर-आधारित प्रशिक्षण की शुरूआत की गई जिससे वे इस आधुनिक तकनीक का लाभ उठाते हुए 18 प्रशिक्षण मॉड्यूल पर प्रशिक्षण प्राप्त करेंगे।

श्री राव ने यह भी कहा कि एमसीएल व्यावसायिक प्रक्रियाओं में नई प्रौद्योगिकियों की लागू करने वाली कोल इंडिया में पहली कंपनी है जो अनुसंधान एवं विकास संस्थानों और उद्योग विशेषज्ञों के साथ समन्वित प्रयासों और ज्ञान-साझाकरण के माध्यम से व्यवसाय संचालन को आधुनिक बनाने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है।

वार्षिक सुरक्षा सम्मेलनों की सिफारिशों के अनुरूप श्री राव ने कहा कि विभागीय और ठेकेदारों के कर्मचारियों दोनों को प्रशिक्षण देने पर बल दिया जाएगा ।

एमसीएल के इनोवेशन सेल, सुरक्षा और बचाव, विद्युतिक एवं यांत्रिकी, उत्खनन और इलेक्ट्रॉनिक्स और दूरसंचार विभागों द्वारा संयुक्त रूप से की गई इस पहल के तहत 3डी सिम्युलेटेड वीआर-प्लेटफॉर्म पर निर्बाध प्रशिक्षण दिया जायेगा एवं कोयला खदानों या कार्यशालाओं में नौकरियाँ करने से पहले कर्मचारियों को सुरक्षित प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। कर्मचारियों को कार्य प्रारंभ करने से पहले ही खदान की सभी जोखिम संबंधी गतिविधियों की जानकारी लेंगे एवं बचाव क्रियाकलाप के विषय में भी ज्ञान प्राप्त करेंगे ।

मेसर्स कॉनकोक्ट ह्यूमन रिसोर्स प्रैक्टिशनर्स (सीएचआरपी-इंडिया) प्रा. लिमिटेड, एक हैदराबाद स्थित वर्चुअल रियलिटी टेक्नोलॉजी कंपनी को सिम्युलेटेड वातावरण के विकास और ब्लास्टिंग, खदान निरीक्षण, इलेक्ट्रिकल सुरक्षा, ऊंचाई पर काम करना, एचईएमएम संचालन, यातायात सिमुलेशन, इंजन/ट्रांसमिशन रखरखाव, आदि क्षेत्रों में प्रशिक्षण कार्यक्रम चलाने के लिए सरकारी ई-मार्केटप्लेस (जीईएम) पर प्रतिस्पर्धी बोली के माध्यम से काम सौंपा गया है।

एमसीएल कोल इंडिया की सर्वश्रेष्ठ कोयला उत्पादक कंपनी है जिसका कार्यक्षेत्र ओडिशा के सुंदरगढ़, झारसुगुड़ा और अंगुल जिलों में खनन कार्यों चल रहा है ।एमसीएल ने पिछले वित्तीय वर्ष 2022-23 में 193 मिलियन टन से अधिक कोयले का उत्पादन किया था। इसने पिछले साल बिजली संयंत्रों को रिकॉर्ड 148 मिलियन टन कोयला भेजा।

मुख्यालय: एम.सी.एल कॉम्प्लेक्स,जागृति विहार, बुर्ला, संबलपुर-768020 (ओडिशा)HQs: At/MCL Complex,JagrutiVihar, Burla, Sambalpur-768020 (Odisha)
E-mail: pro.mcl@coalindia.in;
CIN:U10102OR1992GOI003038

वसुधैव कुटुम्बकम्
ONE EARTH • ONE FAMILY • ONE FUTURE